# कोलकाता में आठ लाख के जाली नोटों के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

Publish Date:Sun, 10 Mar 2019 01:31 PM (IST)



smugglers arrested with fake notes. **कोलकाता में आठ लाख के जाली नोटों के साथ पुलस ने दो तस्कर गिरफ्तार किए हैं।**

**जागरण संवाददाता, कोलकाता। कोलकाता में एक बार फिर जाली नोट तस्करों को दबोचने में कोलकाता पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) को बड़ी सफलता मिली है। आठ लाख के जाली नोटों के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। इनके नाम दीपक मनतेल उर्फ बोला (22) और जय मंडल (23) है। दीपक मालदा जिले के वैष्णवनगर थाना अंतर्गत चायपाड़ा का रहने वाला है, जबकि जय मंडल भी इसी गांव का निवासी है। इन्हें कोलकाता में बउबाजार थाना इलाके के चांदनी चौक क्षेत्र से पकड़ा गया है। वैसे तो इन्हें शनिवार शाम ही गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन रविवार की सुबह एसटीएफ के उपायुक्त मुरलीधर शर्मा ने इस बारे में खुलासा किया है।**

**उन्होंने बताया कि इनके पास से बरामद सारे नोट 2000 रुपये के हैं। यानी इनके पास से 2000 के 400 नकली नोट बरामद किए गए हैं। कोलकाता में इन नोटों को तस्करी करने के लिए ये लोग आए थे। शर्मा ने बताया कि शनिवार को एसटीएफ को गुप्त सूचना मिल गई थी कि कोलकाता में जाली नोटों की तस्करी होने वाली है। इसके बाद एक जांच टीम सादी वर्दी में पूरे क्षेत्र पर नजर रख रही थी। इसी बीच, चांदनी चौक इलाके से इन दोनों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिली जिसके तुरंत बाद एटीएस की टीम पहुंची और इन्हें धर दबोचा।**

**इनकी तलाशी लेने पर बैग और कपड़े के अंदर छिपाकर रखे गए जाली नोट बरामद हुए। इनसे रात भर पूछताछ की गई है। दोनों ने बताया है कि बांग्लादेश से तस्करी के जरिए इस जाली नोट को ले आए थे और कोलकाता में किसी और को सौंपने वाले थे। इनके और भी कई साथी मालदा तथा कोलकाता में मौजूद हैं। दोनों से पूछताछ कर उनके साथियों के बारे में पता लगाने की कोशिश की जा रही है।**

Posted By: **Sachin Mishra**

Source: https://www.jagran.com/west-bengal/kolkata-smugglers-arrested-with-fake-notes-19030858.html